# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 7 अगस्त, 2025

वर्ष 01 | अंक 198 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## यातायात व्यवस्था




# पारदर्शी यातायात व्यवस्था के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मिले बॉडी वार्न कैमरे



इंदौर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात प्रबंधन) श्री अरविंद तिवारी के निर्देशन में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में इंदौर ट्रैफिक पुलिस को अब बॉडी वार्न कैमरों से लैस किया गया है। यह पहल शहर में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और यातायात नियमों के पालन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से की गई है।

यातायात पुलिस को कुल 144 बॉडी वार्न कैमरे प्रदान किए गए हैं, जो आरक्षक से लेकर सूबेदार स्तर तक के अधिकारियों को चालानी कार्रवाई एवं यातायात नियंत्रण के दौरान उपयोग में लाए जा रहे हैं। पुलिसकर्मी यह कैमरे अपनी वर्दी पर लगाकर कार्य करते हैं, जिससे किसी भी प्रकार की वाद-विवाद की स्थिति में सटीक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

बॉडी वार्न कैमरों की मदद से ट्रैफिक पुलिस को अपने कर्तव्यों के निष्पादन में उल्लेखनीय सहायता मिल रही है, वहीं आम जनता के साथ पारदर्शी संवाद स्थापित हो रहा है।

# बिना राजकीय सम्मान के हुआ सत्यपाल मलिक का अंतिम संस्कार



पांच राज्यों के राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री रहे सत्यपाल मलिक का आज दिल्ली के लोदी रोड शवदाह गृह में अंतिम संस्कार हो गया। उन्हें पात्रता होते हुए भी राजकीय सम्मान नहीं दिया गया। सत्यपाल मलिक मलिक जम्मू-कश्मीर,ओडिशा, मेघालय,गोवा और बिहार के राज्यपाल रहे। इसके अलावा वे केंद्रीय मंत्री भी रहे थे। इसके बावजूद उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान से नहीं हुआ। कश्मीर के राज्यपाल पद से हटने के बाद मलिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुखर विरोधी हो गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि मोदी सरकार के इशारे पर स्थानीय प्रशासन ने उनकी पार्थिव देह को राजकीय सम्मान नहीं दिया।

## संभवत

यह पहली बार हुआ है कि किसी पूर्व राज्यपाल,पूर्व केंद्रीय मंत्री की अंत्येष्टि बिना राजकीय सम्मान के की गई है। सत्यपाल मलिक के अंतिम संस्कार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ,आप नेता संजय सिंह, किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी,जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला, सपा सांसद हरेंद्र मलिक आदि शामिल हुए।

# टोटल टैरिफ 50%

## भारत पर 25% और टैरिफ़



राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत रूसी तेल की निरंतर ख़रीद की वजह से भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है।

## बाजार में लोटी रोनक



# "ऑपरेशन मुस्कान" देवास पुलिस की प्रभावी कार्यवाही



**संजय प्रेम जोशी**

थाना हाटपीपल्या के द्वारा मात्र 1 दिवस मे अपहृत नाबालिग बालिका को जिला इंदौर से सकुशल ढूंढकर परिजनो के चेहरों पर लौटाई मुस्कान "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा समस्त थानो को लंबे समय से अपहृत नाबालिग बालक/बालिका को मिशन स्तर पर कर्तव्यरीन रहकर ढूढने हेतु निर्देशित किया है । इसी क्रम में थाना हाटपीपल्या के अपराध क्रमांक 437/2025 धारा 137(2)BNS की नाबालिग बालिका विगत 1 दिवस से लापता थी । जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम के मार्गदर्शन मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागली सृष्टि भार्गव के निर्देशन मे थाना प्रभारी हाटपीपल्या दीपक यादव के नेतृत्व मे पुलिस टीम लगातार मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर कर्तव्यरथ थी । पुलिस को अहम सूचना प्राप्त हुई कि उक्त नाबालिग बालिका को जिला इंदौर में देखा गया है । जिस पर तत्काल पुलिस के द्वारा विशेष टीम को रवाना किया गया है।



उक्त टीम के द्वारा नाबालिग बालिका को दिनांक 3.08.2025 को जिला इंदौर से सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। प्रकरण मे नाबालिग बालिका क द्वारा दिये गये पुलिस कथन एवं माननीय न्यायालय के समक्ष बतलाये गये साक्ष्यो के आधार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । पुलिस कप्तान देवास पुनीत गेहलोद के अनुसार इस वर्ष 2025 में देवास पुलिस द्वारा कुल 206 अपहृत नाबालिग बालक/बालिकाओं के अपराध पंजीबद्ध किये जाकर कुल 195 बालक/बालिकाओं को दस्तयाब किया गया ।

# भाजपा नगर मंडल हाटपिपल्या की बैठक सम्पन्न




## तिरंगा यात्रा व कुशाभाऊ ठाकरे जयंती समेत आयोजन भव्य रूप से मनाने की बात अतिथियों द्वारा की गई

हाटपिपल्या। नगर मंडल हाटपिपल्या की बैठक गुरु कृपा गार्डन में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश पाटीदार मंडल कार्यक्रम प्रभारी टिकेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सैधव विशेष अतिथि विजय सिंह शक्तावत अरूण राठौर बापूलाल धौसरिया दुलीचंद कुंभकार प्रवीण सक्सेना मनीष सोलंकी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

**अतिथियों ने बैठक को सम्बोधित किया**

बैठक में स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सैधव ने दिया संचालन मंडल महामंत्री रमेश संदूकलिया ने किया व आभार शुभम तंवर ने माना। बैठक में मुख्य अतिथि महेश पाटीदार ने तिरंगा यात्रा कुशाभाऊ ठाकरे जयंती अटल बिहारी वाजपेयी पूण्य तिथी विभाजन विभीषिका के आयोजन भव्य रूप से करने की बात कही मंडल प्रभारी टिकेंद्र प्रताप सिंह ने हर बैठक में वृक्षारोपण मुख्य रूप से करने की बात कही व बैठक में आये सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं को एक एक पौधा वितरित करने की बात कही वहीं बैठक पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अतिथियों व कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से विनोद जोशी कपिल तंवर राजकिशोर जायसवाल शुभम तंवर गजराज सिंह बामनी सुरेन्द्र सिंह सैधव हरीश बंजारा लखन मेकालिया धर्मेंद्र दरबार नितिन कुम्भकार गौरव मेश्रा राजू पठान राजेंद्र सिंह सैधव अनिल तिवारी पप्पू धनगर गंगाराम धौसरिया नितिन तंवर रामसिंह सैधव शैलेन्द्र सैधव यशवंत चौहान अर्जुन सैधव अनार सिंह सैधव शकील मंसूरी गणेश पाटीदार समेत अनेक कार्यकर्ता बैठक में मौजूद थे।

# राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमावत द्वारा कावड़ यात्रा का किया स्वागत

**दीपक वाड़ेकर**

**नगर प्रतिनिधि- इंदौर शहर भर में शिव भक्तों द्वारा लगातार कावड़ शिव डोला शिव भजन कीर्तन सावन माह में लगातार संचालित हो रहे हैं।उसी तर्ज पर अरेंडिया गांव से देव गुराडिया शिव मंदिर तक कावड़ यात्रा निकली।जहां बड़ी तादाद में शिव भक्त कावड़ लेकर निकले।जहां शिव भक्ति में डूबे भक्त धूम धाम चले।रस्ते भर शिव भक्त कावड़ियों का स्वागत हुआ।वही राष्ट्रीय बजरंग दल से जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमावत और समस्त समाज सेवियों द्वारा शिव भक्त कावड़ियों का हार फुल माला से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। आयोजन में बड़ी तादाद में मात्र शक्तियों द्वारा भी कावड़ का हिस्सा बनी। सभी ग्राम वासियों सेवा में तत्पररहे। समाजसेवी सहित हिंदू संगठन के प्रमुख भी मौजूद थे।**

# भोपाल - मध्यप्रदेश पुलिस को मिलेंगे 112 तकनीकी डायल 100 वाहन

**15 अगस्त को होगा वितरण**



DGP कैलाश मकवाणा के नेतृत्व में मध्यप्रदेश पुलिस लगातार आधुनिक तकनीक और जनसेवा की दिशा में नए आयाम स्थापित कर रही है। कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं त्वरित बनाने के उद्देश्य से DGP श्री मकवाणा द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों को 112 नए तकनीकी डायल 100 वाहन सौंपे जाएंगे।

**इन अत्याधुनिक वाहनों के माध्यम से पुलिस रिस्पॉन्स टाइम को कम करने और आमजन तक त्वरित सहायता पहुंचाने में उल्लेखनीय सुधार होगा। DGP श्री मकवाणा ने कहा है कि आधुनिक संसाधनों से पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाकर जनता का भरोसा बढ़ाना ही हमारा लक्ष्य है।**

# महावीर ट्रस्ट इंदौर में नवीन ट्रस्टियों का मनोनयन महावीर ट्रस्ट की बैठक संपन्न

रणजीत टाइम्स






इंदौर। महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अमित जी कासलीवाल ने महावीर ट्रस्ट की वार्षिक बैठक में चार नवीन ट्रस्टियों को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया है। जिसमें समाजसेवी राकेश विनायका इंदौर, मुकेश पाटोदी इंदौर, पंकज जैन सुपारी वाले भोपाल, राजेश जी जैन, रागी बक्सवाहा (छतरपुर)। इन चारों ट्रस्टी को मनोनयन उपस्थित ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठ खुरई, महामंत्री बाहुबली पांड्या, कोषाध्यक्ष आदित्यजी कासलीवाल, सुरेश जैन IAS, दिलीप चौधरी, विजय काला सनावद, आशीष चौधरी सनावद, अशोक खासगीवाला सीए इंदौर योगेन्द्र सेठी आनंद भवन, प्रियदर्शी जैन, टी के वेद सभी ने नवीन ट्रस्टियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं आशा व्यक्त की कि सभी के सहयोग और मार्गदर्शन में संस्था के उद्देश्यों का क्रियान्वयन होगा।




# महिला बंदियों के स्वरोजगार हेतु एक नया कदम



## 10 दिनों से महिला बंदियों को राखी बनाने का दिया प्रशिक्षण

रणजीत टाइम्स

इंदौर। जेल इंदौर पर महिला बंदियों द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में राखियों का निर्माण किया गया। केंद्रीय जेल अधीक्षक श्रीमती अलका सोनकर के निर्देशन में महिला बंदियों के स्वरोजगार हेतु एक नया कदम उठाया गया इसके अंतर्गत महिला बंदियों द्वारा राखी बनाने का कार्य किया जा रहा है केंद्रीय जेल अधीक्षक श्रीमती अलका सोनकर द्वारा बताया गया कि करीब पिछले 10 दिनों से महिला बंदियों को राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है केंद्रीय जेल इंदौर की महिला बंदियों द्वारा लगभग 1000 राखी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इन राखियों को केंद्रीय जेल इंदौर के कान्हा आउटलेट के माध्यम से आम जनता द्वारा क्रय किया जा सकेगा इन राखियों की कीमत 10 से लेकर 80 तक होगी।

# एडिशनल डीसीपी ने डेली कॉलेज में पहुँच, लगाई साइबर अवेयरनेस की 1000 वीं कार्यशाला

रणजीत टाइम्स

इंदौर। वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश से, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर श्री राजेश दंडोतिया ने पुलिस टीम के साथ डेली कॉलेज इंदौर में पहुंचकर, सायबर अवेयरनेस के तहत 1000 वीं कार्यशाला लगाकर वहां उपस्थित करीब 1400 स्टूडेंट्स व स्टाफ को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के विषय में बताते हुए, पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की केस स्टडी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड तथा सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर, किस प्रकार अपराधी हमें अपना शिकार बनाते हैं आदि के बारे में जानकारी दी। विदित हो कि, साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के अभियान के तहत इंदौर पुलिस द्वारा लगातार स्कूल/कॉलेज, संस्थानों, बैंक, औधोगिक इकाईयों, कॉलोनियों, में बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक के हर जाति वर्ग के लोगों के बीच जाकर कार्यशालाओं, नुक्कड़ नाटकों, पोस्टर्स, पम्पलेट्स व सोशल मीडिया आदि के माध्यम से आम नागरिकों से सीधे जनसंवाद कर उन्हें साइबर अपराधों से बचाने के लिये जागरूक किया जा रहा है। साइबर अवेयरनेस के इस महाअभियान में एडीशनल डीसीपी क्राइम इंदौर राजेश दंडोतिया भी जागरूकता की अलख जगा रहे हैं। इसी के अंतर्गत उनकी ये 1000 वीं कार्यशाला थी, जिसमें उन्होंने वर्चुअल वर्ल्ड के विभिन्न नई नई तकनीकों के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग करके भी किस प्रकार के साइबर अपराध किये जा सकते हैं बताया। साथ ही सभी से कहा कि, चूंकि हम सभी आजकल ज्यादा से ज्यादा काम और पढ़ाई भी ऑनलाइन ही कर रहे है और इसी दौरान हमारी छोटी सी गलतियां भी इन साइबर क्रिमिनल्स के लिए बड़ा मौका बन जाती है। ये अपराधी बच्चों व युवाओं को ऑनलाइन गेम व बेटिंग ऐप्प की लत लगाकर, उनकी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर महिलाओं को परेशान कर रहे हैं। लोगों को लालच व डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन व फर्जी शयेर ट्रेडिंग जैसे फ्रॉड कर रहे हैं अतः साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक और सतर्क रहे।






# खुशहाल परिवार के लिए बचपन से ही सर्वशक्तिमान परमात्मा के नियमाचरणों का ज्ञान आवश्यक है

सहजयोग प्रवर्तिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने बच्चों के विकास के लिए किस प्रकार का वातावरण होना चाहिए इसका वर्णन करते हुए कहा है कि, सर्वप्रथम हमें घर को सींचना होगा, घरों को सुसंस्कृत बनाना होगा- अपने बच्चों के लिए एक उपयुक्त घर बनाना आज बहुत महत्त्वपूर्ण कार्य है, ये किया जाना चाहिए। एक उपयुक्त घर वही है जहाँ आपसी स्नेह सम्बंधों में मधुरता हो, मिल जुलकर रहने का प्यार भरा वातावरण हो जहाँ सब लोग पारिवारिक मर्यादाओं का प्रसन्नता पूर्वक पालन करते हों और सर्वोपरि जहाँ ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा-विश्वास व भक्ति भावना हो। घर की मर्यादा का प्रथम अंग है अभिवादन प्रणाम, नमस्कार। प्रत्येक घर में यह मर्यादा होनी चाहिए



कि प्रातः सोकर उठते हुए और रात्रि को शयनार्थ जाते हुए सर्वप्रथम ईश्वरीय शक्ति को नमन करें। परिवार में छोटे अपने से बड़ों को प्रणाम करें व बड़ों के आदेशों का सहर्ष पालन करें। बड़ो को चाहिए कि छोटों को उत्तम, आवश्यक तथा उचित आदेश ही दें और छोटों के निवेदन पर समुचित ध्यान दें।

घर के लोग हास विनोद से युक्त हों हँसने और मुस्कराने वाले लोग सबके मन को मोह लेते हैं। तुम सब फूल बनो, फूल के समान सदा प्रफुल्ल रहो। घर के लोगों को तृप्त यानी अपने जीवन में संतुष्ट होना चाहिए। (घरों में) अपने प्रेममय माता-पिता के माध्यम से बच्चों को जान लेना चाहिए कि पावन तथा निःस्वार्थ प्रेम ही जीवन में महत्वपूर्ण है तथा नैतिकता बहुमूल्यतम सद्गुण है, धन से भी कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है। घर में नियमित पूजा-अर्चना, आरती, स्तुति आदि से ऐसा धार्मिक परिवेश बनाएं जिससे बच्चे के मन मे परमात्मा के विषय में जानने की जिज्ञासा उत्पन्न हो। बचपन से ही परमात्मा के साथ उसे जोड़े। उसे बताइये कि ये हम सबके परमपिता हैं, उन्होंने ही सबको बनाया है, वह हमें प्यार करते हैं, रक्षा करते हैं पर उनके नियम कठोर हैं, वह सजा भी देते हैं। ...... सर्वशक्तिमान परमात्मा के नियमाचरणों का ज्ञान बच्चों को होना चाहिए। बच्चों को समझना चाहिए कि कितनी विविधता के साथ परमात्मा ने एक विश्व की रचना की है... और प्रकृति कैसे एक दिव्य अनुशासन बद्ध है। सहजयोग ध्यान द्वारा बच्चों में इन गुणों को सहज ही विकसित किया जा सकता है व उनके भविष्य को सुसंस्कृत व खुशहाल बनाया जा सकता है। सहजयोग ध्यान का आनंद और अनगिनत लाभ लेने हेतु आप जानकारी निम्न साधनों से पा सकते हैं। टोल फ्री नं – 1800 2700 800

# मदुरै रेल प्रबंधक का प्रवासियों ने किया सम्मान



**रणजीत टाइम्स**

मदुराई। मदुराई तमिलनाडु मदुराई प्रवासी संगठन की और से मदुरै मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक ओम प्रकाश मीणा का किया सम्मान मदुरै प्रवासी संगठन मीडिया प्रभारी दिनेश सालेचा ने बताया कि यहा राजस्थान के अलवर शहर के ओम प्रकाशजी मीणा ने दक्षिण रेल्वे के मदुरै मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के पद का कार्यभार सँभालने पर मदुराई प्रवासी संगठन की और से उनका राजस्थानी साफा ,शॉल, माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान मदुरै प्रजापत समाज अध्यक्ष पुनमारामजी प्रजापत, तेरापंथ सभा वरिष्ठ मोहनलालजी तातेड़, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ उपाध्यक्ष शायरमलजी भंडारी, अशोककुमारजी प्रजापत भाजपा मदुरै जिला अध्यक्ष NLC आईजा प्रदेशाध्यक्ष दिनेशकुमारजी सालेचा, भाजपा मदुरै मीनाक्षी मण्डल युवा कार्यकर्ता भगारामजी प्रजापत मौजूद रहे। मीणा ने प्रवासियो द्वारा दिए गए मान- सम्मान पर ख़ुशी व्यक्त की।

# बडायला का शा. उच्चतर मा.वि. भवन क्षतिग्रस्त

## तहसीलदार ने निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा। तहसील के ग्राम बड़ायलामाताजी के क्षतिग्रस्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का तहसीलदार देवेन्द्र दानगढ़ ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। प्राचार्य मिथिलेश सगरावत ने बताया कि दो मंजिला भवन लगभग 30 वर्ष पुराना है, इसमें कुल ऊपरी तल पर 10 तथा भूतल पर भी 10 कक्ष है।

### पुराने पंचायत में भवन में किया जा रहा संचालित

वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार कक्षाओं के संचालन में उपयोग नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में कक्षा नर्सरी से 12 का संचालन एकीकृत शाला के अन्य कक्षों तथा पुराने पंचायत भवन में किया जा रहा है। तहसीलदार श्री दानगढ़ ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर क्षेत्र के शाला भवनों का निरीक्षण किया जा रहा है, इसमें बड़ायलामाताजी के विद्यालय के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर भवन का निरीक्षण किया गया है तथा पंचनामा तैयार कर रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को भेजी गई है।



### 2022 से कर रहे है पत्राचार - सरपंच प्रतिनिधि डांगी

ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि कारूलाल डांगी ने बताया कि विद्यालय का भवन लम्बे समय से क्षतिग्रस्त है तथा इसके लिए 2022-23 से विभागीय पत्राचार किया जा रहा है। इस भवन का लोक निर्माण विभाग के दल ने भी निरीक्षण कर जिला शिक्षा अधिकारी को इस बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की है। विभागीय इंजीनियरों के दल ने भी भवन का अवलोकन किया है, इसके बाद से भवन में शाला का संचालन नहीं किया जा रहा है। शाला में 270 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं।

### जर्जर भवन जमींदोज कर नए भवन के लिए कार्यवाही करे विभाग - ग्रामीण

तहसीलदार श्री दानगढ़ ने वर्षा तथा भवन के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति को देखते हुए बच्चों को भवन से दूरी बनाने की सलाह दी है। ग्रामीणों का कहना है कि भवन लम्बे समय से क्षतिग्रस्त होने के कारण इसको जमींदोज कर विभाग को नए भवन के लिए कार्यवाही करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान बद्रीलाल पटेल, जगदीश पटेल, सहायक सचिव लक्ष्मीनारायण पाटीदार, शिक्षक मनोहरसिंह मुजालदे आदि उपस्थित रहे।

# नगर केमिस्ट एसोसिएशन, झाबुआ चुनाव संपन्न

**रणजीत टाइम्स**





**दिनांक 04 अगस्त 2025 को दादाजी होटल, झाबुआ में नगर केमिस्ट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। बैठक में संगठन की भावी दिशा, नेतृत्व और विकास को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। पूर्व अध्यक्ष हरिश अग्रवाल के अस्वस्थ होने के कारण रिक्त अध्यक्ष पद के लिए चुनाव आयोजित किया गया, जो मुख्य अतिथि लोकेन्द्र बाबेल एवं जिला केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज बाबेल के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष कपिल गादिया, सचिव उमंग जैन, सह सचिव बिट्टू बघेल, कोषाध्यक्ष सौरभ ललवानी, उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, मीडिया प्रभारी इरफान खान,आशीष तिवारी चुने गए।**

# शिव भक्तों को किए निःशुल्क रुद्राक्ष वितरित

इन्दौर। श्रावण माह में संकट मोचन हनुमान मंदिर, कनाड़िया रोड पर अध्यात्म ग्राम व मातृभाषा उन्नयन संस्थान के तत्त्वावधान में रत्न हाउस के सहयोग से शिव भक्तों को निःशुल्क रुद्राक्ष वितरित किए गए। कार्यक्रम में मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल', अमन जायसवाल, दीपक कुशवाह, रोहित सूर्यवंशी, मनीष यादव, आकाश सिसौदिया, साहिल कैथवास, छोटू बोरासी, आनंद धनगर, दीपेश यादव आदि मौजूद रहे।



# विश्व स्तनपान दिवस दिनांक उप स्वास्थ्य केंद्र जोलाना सभी महिला को इकट्ठा पर स्तनपान के बारे में जानकारी दी

**रणजीत टाइम्स**

### विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त

सरदारपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना सरदारपुर के सेक्टर लाबरिया में परियोजना अधिकारी कमल सिंह निगवाल के मार्गदर्शन में सेक्टर सुपरवाइजर लक्ष्मी गामड ANM संध्या दरबार CHO रानी चौधरी आंगनवाडी कार्य कर्ता ममताडाबी आशा अंकिता भुरिया सीताराम ठाकुर के द्वारा रेली निकाली गई तथा प्रथम गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को जन्म के तुरन्त बाद 1 घंटे के अंदर बच्चों को स्तनपान करवाना चाहिए यह दुध कोलेस्ट्रॉल युक्त एवं अमृत समान होता है एवं पहला जेविक टीका माना जाता है जो बच्चों को रोगों से लड़ने की छमता देता है छह माह तक बच्चों को सिर्फ स्तनपान करवाना चाहिए इसके बाद ऊपरी आहार के साथ स्तनपान 2 वर्ष तक जारी रखना चाहिए इन बातों को विस्तार पूर्वक महिलाओं को बताई गई इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा बताया गया कि सात दिनों तक महिलाओं को इसी तरह समझाईस दी जाएगी।






## आस्था : परिवार संग राज्यपाल थावरचंद गेहलोत ने 575 सीढ़ियां चढ़कर बालाजी की जन्मस्थली के दर्शन किए

रणजीत टाइम्स



रतलाम/ बड़ावदा । कर्नाटक राज्यपाल महामहिम डॉ . थावरचंद गेहलोत अपने पूरे परिवार के सदस्यों के साथ इन दिनों धार्मिक यात्रा पर है। 77 वर्षीय गेहलोत ने बुधवार को अजनाद्री बेटा पर 575 सीढ़ियो की खड़ी कठिन चढाई चढ़कर कर्नाटक के हम्पी मे भगवान बालाजी की जन्मस्थली के दर्शन कर अपार श्रद्धा, संकल्प और आस्था का प्रेरणादायक उदाहरण देकर सम्पूर्ण मानवजन की सुख, समृद्धि की कामना की। 575 सीढ़ियों की कठिन चढ़ाई न केवल शारीरिक दृढ़ता का प्रतीक है, बल्कि आध्यात्मिक शक्ति और सेवा भावना का भी परिचायक है। पूर्व विधायक जितेन्द्र गेहलोत भी इस पारिवारिक धार्मिक यात्रा में शामिल है।

# जिला दण्डाधिकारी ने की 07 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



### थाने में हाजिरी देने और 01-01 लाख रुपये का बंध पत्र भरने के आदेश

रणजीत टाइम्स

खरगोन । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा के प्रतिवेदन पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 07 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। जारी आदेश में इन 07 व्यक्तियों को 01 वर्ष तक हर 15 दिवस के प्रति सोमवार को संबंधित थाने में हाजिरी देने और 01-01 लाख रुपए के बंध पत्र भरने कहा गया है। जारी आदेश में मोंगरगांव थाना बिस्टान हाल मुकाम थाना गोगांवा के मासूम अली ऊर्फ छोटू अली पिता सुभान अली अपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर लगातार गौ तस्करी करने में लिप्त रहा है। जबकि थाना चैनपुर के ग्राम अम्बाडोचर के 06 व्यक्तियों में इमरान पिता सत्तार मंसूरी, तनवीर पिता जब्बार, अकबर पिता रहमान मंसूरी, अमीन पिता अकबर मंसूरी, जब्बार पिता कादर मंसूरी एवं सत्तार पिता छन्नु मंसूरी अपराधिक गतिविधियों में सक्रीय होकर अवैध गोवंश वध करने संबंधी गंभीर वारदाते घटित करते हुए लोक परिशांति एवं लोक व्यवस्था को भंग करने में लिप्त रहे हैं। इन व्यक्तियों द्वारा यदि आदेश का उल्लंघन किया जाता है तो अधिनियम की धारा-14 के तहत दण्डनीय कार्यवाही की जाएगी।

# थाना राजोद को मिली बड़ी सफलता मोटरसाईकिल चोरी के आरोपी हुए गिरफ्तार

रणजीत टाइम्स




सरदारपुर । नवागत थाना प्रभारी राम सिंह राठौर के पद पर ग्रहण करने के बाद ही किया चोरी की मोटरसाइकिल का पर्दाफाश पुलिस अधीक्षक धार मनोज कुमार सिंह द्वारा सम्पति संबधी अपराध की पतारहेतु थाना प्रभारी राजोद को निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक जिला धार, मनोज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धार श्री विजय डावर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर विश्वदीप सिंह परिहार के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामसिंह राठौर द्वारा टीम गठित कर वाहन चोरों की पतारसी की गई। पतारसी की दौरान मुखबिर की सूचना पुलिस थाना राजोद टीम द्वारा छः वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीयों से पूछताछ करने पर आरोपीयों द्वारा थाना बदनावर एवं राजोद क्षेत्र से वाहन चोरी करना स्वीकार किया तथा आरोपीयों के कब्जे से चोरी के छः मोटर साईकिल जप्त किये गये हैं। जिनकी अनुमानित कीमत करीबन 4,80,000/- (चार लाख अस्सी हजार रूपये) आरोपीयों से जप्त वाहन के संबंध में थाना बदनावर कानवन एवं राजोद में अपराध पंजीबद्ध हैं। संबंधित थाने पर सूचना देकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं तथा गिरफ्तारशुदा आरोपीयों से पूछताछ की जा रही है।

### जप्त मशरूका

मोटर साईकिल HF DELUXE क्र. MP1IZA8219, मोटर साईकिल BAJAJ CT-100 क्रमांक MP.11.NF.0922, मोटर साईकिल BAJAJ CT-100 क्रमांक MP. 11.MW. 1110, HERO SPLENDER (ब्लैक ब्लू कलर) क्रमांक MP. 11.MH.6615, HERO SPLENDER (ब्लैक ब्लू कलर) क्रमांक MP.11.M.8874 , HF DELUXE (रेड ब्लैक) उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी रामसिंह राठौर, उनि विक्रमसिंह देवडा, सउनि मनीष परमार, सउनि रमेशचन्द्र भाभर, सउनि पी.एस. डामोर, आर. 1087 विक्रम अहिरवार, आर. 298 महेन्द्र, आर. 1101 दिलीप मण्डलोई, आर. 895 दिपक मेडा, आर. 309 विवेक बौरासी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जल जीवन मिशन कार्यों में कम गुणवत्ता स्वीकार्य नहीं कलेक्टर सुश्री मित्तल

**जिला जल और स्वच्छता मिशन के कॉन्ट्रैक्टर्स के साथ समीक्षा बैठक समूह की दीदियों का करवाया जाएगा जलकर वसूली प्रशिक्षण**

रणजीत टाइम्स

खरगोन । कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने जिला जल और स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन कार्यो के कॉन्ट्रैक्टर्स को स्पष्ट किया है कि योजना के सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें अन्यथा ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लास्टिंग, पाइप आपूर्ति, पानी की टेस्टिंग, निर्मल नीर कूप खनन और गहरीकरण, पंप हाउस और स्टैंडपोस्ट बनवाने जैसे काम शीघ्र पूरा करें जिससे जलापूर्ति चालू की जा सके। कलेक्टर ने सीपेज और लीकेज की स्थिति में वॉटरप्रूफिंग और अन्य मरम्मत के कार्य, रंगाई, बाउंड्री वॉल के निर्माण के कार्यों को पूर्ण करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए समय सीमा निर्धारित की। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न पूर्ण, प्रगतिरत, घोषित, हस्तांतरित और प्रमाणीकृत परियोजनाओं की भौतिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में योजना कार्यों के लिए मीटर कनेक्शन, सीसी रोड मरम्मत, पोल लगाने और पाइपलाइन बिछाने के लिए स्वीकृतियों के लिए एमपीईबी, लोक निर्माण विभाग और वन विभागों के बीच समन्वय के लिए निर्देश जारी किए गए।



कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कॉन्ट्रैक्टर्स को वन स्वीकृति की ऑनलाइन प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। कॉन्ट्रैक्टर्स ने परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही विभिन्न कठिनाइयों पर चर्चा की, जिन्हें दूर करने के लिए कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने नल जल योजनाओं के संचालन, जल गुणवत्ता की जांच, तथा जलकर वसूली के लिए विकासखंड स्तर पर स्वयं सहायता समूहों की दीदियों को प्रशिक्षण की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वसहायता समूहों की दीदियों की पंचायत दर्पण पोर्टल पर जलकर वसूली की ट्रेनिंग करवाई जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, एई पीएचई श्री राहुल सूर्यवंशी, जल निगम के अधिकारी, समस्त जनपद सीईओ, सहित अन्य अधिकारी व ठेकेदार उपस्थित थे।

### जमाअत इस्लाहुल मुस्लेमीन ट्रस्ट के चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

# युवा समाजसेवी आसिफ प्रिंस निर्विरोध शहर सदर निर्वाचित





**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । खरगोन मुस्लिम समाज की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जमाअत इस्लाहुल मुस्लेमीन पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के चुनाव मंगलवार को जिलानी नगर स्थित निजी स्कुल भवन में पूर्ण पारदर्शिता और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुए। चुनाव की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु ट्रस्टियों द्वारा हाजी अफजल कुरैशी, हाजी मिर्जा हाकिम बेग, जाकिर भुट्टो, अब्दुल्लाह बेग मिर्जा एवं अलीम शेख को चुनाव कमिश्नर नियुक्त किया गया था।

15 दिवसीय इस चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 81 प्रत्याशियों ने उम्मीदवारी हेतु नामांकन फॉर्म लिए, जिनमें से 48 प्रत्याशियों मान्यता प्राप्त फार्म जमा किए। जांच उपरांत 12 मेंबर्स के नाम चिंहित कर तीन दिवस में शर्त पूर्ण करने हेतु सूचित किया गया। निर्धारित समय में 7 मेंबर्स ने शर्ते पूर्ण कीं, जबकि 5 उम्मीदवार अयोग्य पाए गए। सम्पूर्ण प्रक्रिया पश्चात 43 निर्वाचित अराकीन,की उपस्थिति में समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से आसिफ प्रिंस को निर्विरोध शहर सदर चुना गया साथ ही अन्य ओहदे हेतु सेक्रेटरी एडव्होकेट शहज़ाद खान (निर्विरोध),जॉइंट सेक्रेटरी अयाज खान (निर्विरोध), नायब सदर अव्वल हाजी कलीम चिश्ती (24 मत), नायब सदर दोम डॉ. इमरान (25 मत), खजांची हाफिज़ ज़ाकिर (28 मत) हासिल कर निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने पर चुनाव कमिश्नरों ने वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट हबीब बेग मिर्जा, ताज मोहम्मद (काकू भाई) वसीम भाई (सरिया) एवं इस्माइल पठान की उपस्थिति में सभी निर्वाचित ओहदेदारों को प्रमाण पत्र (सनद) प्रदान किए। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन शरीफ़ की तिलावत से हुई और समापन दुआएँ-ए-खैर के साथ हुआ। चुनाव संचालन में विशेष सहयोगी अब्दुल रहीम खान, इम्तियाज खान, सुल्तान भुट्टो, अफजल खान, जाकिर खान, शाकिब कुरैशी, मेहमूद अली (बावा), एडव्होकेट शारिक,ताहा शेख व दीगर सामाजिक साथियों का योगदान सराहनीय रहा।

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक दुरुपयोग रोकने के लिए 11 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की

**रणजीत टाइम्स**




शाजापुर । कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार आज 06 अगस्त 2025 को नगर शाजापुर में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक दुरुपयोग के रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियो द्वारा 11 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जाँच दल द्वारा बस स्टेण्ड स्थित अशोक रेस्टोरेंट, ऋतुराज रेस्टोरेंट, आनंद भोजनालय, माँ कृपा रेस्टोरेंट, महाँकाल रेस्टोरेंट, दुपाडा रोड स्थित आनंदम रेस्टोरेंट, होटल निलेश, करेडी नाका स्थित सावरिया रेस्टोरेंट, गुरूकृपा रेस्टोरेंट तथा हाईवे रोड टुकराना जोड स्थित हाईवे प्राईड एवं श्री बालाजी रेस्टोरेंट प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा अशोक रेस्टोरेंट से 1 नग, ऋतुराज रेस्टोरेंट से 3 नग, आनंद भोजनालय से 1 नग, माँ कृपा रेस्टोरेंट से 1 नग, महाँकाल रेस्टोरेंट से 1 नग, सावरिया रेस्टोरेंट से 1 नग, गुरूकृपा रेस्टोरेंट से 1 नग, हाईवे प्राइड से 3 नग एवं श्री बालाजी रेस्टोरेंट से 2 नग, इस प्रकार 9 प्रतिष्ठानो से कुल 14 नग घरेलू गैस सिलेण्डर (14.2 के.जी.) जिसकी अनुमानित कीमत 34700 रूपये का व्यवसायिक रूप में प्रयोग करते हुए पाए जाने से जप्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जाँच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री अंजू मरावी, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री देवेन्द्र प्रताप शर्मा, श्री रविन्द्र सिंह राठौर, श्री योगेश राणावत तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री अजय सिंह खराडिया शामिल थे।

# क्रांतिसुर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेन्ट में प्रवेश प्रारम्भ

### 2 घण्टे में 80 सीट के लिए 100 से अधिक आवेदन

**रणजीत टाइम्स**




खरगोन । क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन में बीए ऑनर्स, बीएससी ऑनर्स, बिकॉम कंप्यूटर, बि.एस.सी कृषि, एम. ए अर्थशास्त्र एवं पीजीडीसीए प्रथम वर्ष की फेस-1 प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट https//www.ktbuniv. ac. इन पर दिनांक 10 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। साथ ही प्रतिदिन विभाग द्वारा इसका वेरफिकेशन भी होगा। प्राप्त आवेदन की मेरिट सूची का प्रकाशन 12 अगस्त एवं प्रारंभिक आवंटन सूची का प्रकाशन 14 अगस्त तक किया जायेगा। पात्र विद्यार्थी 17 अगस्त तक प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। आवेदक को चाहिए की ऑनलाइन पंजीयन के बाद समस्त दस्तावेज के साथ विश्वविद्यालय हेल्प सेंटर जाकर अपना सत्यापन करना अनिवार्य होगा। अबतक बीएससी कृषि हेतू 80 सीट्स के लिए मात्र दो घण्टे में 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## क्रांतिसुर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय कुगलुरु ने किया औचक निरिक्षण



**रणजीत टाइम्स**



**खरगोन । क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन के परिक्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विषयों के स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षाये संचालित हो रही हैं। कुलगुरु डॉ. मोहन लाल कोरी द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय खरगोन केंद्र पर संचालित परीक्षा का औचक निरिक्षण किया गया एवं केंद्रध्यक्ष डॉ. भालसे, डॉ. जाफरी को परीक्षा सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए और कहा गया की मोबाईल एवं अन्य ईलक्ट्रॉनिक उपकरण को प्रतिबंधित करना सुनश्चित करें। इस अवसर पर परीक्षा समन्वयक डॉ. राजाराम आर्य, सह समन्वयक डॉ. तुषार जाधव उपस्थित रहें।**

## रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बंदियो से मुलाकात की सुविधा

**रणजीत टाइम्स**

**शाजापुर । जिला जेल शाजापुर में निरूद्ध बंदियों को 9 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उनकी बहनों से मिलने एवं रक्षासूत्र बांधने के लिए जिला जेल शाजापुर पर, केवल इच्छुक बहनों एवं उनके साथ पाँच वर्ष के कम उम्र के बच्चों को उनके द्वारा पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर विशेष मुलाकात की सुविधा राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक दी जायेगी। जिला जेल शाजापुर जेल अधीक्षक श्री दुष्यन्त कुमार पगारे ने बताया कि बहनों को राखी के लिए चना- चिरोंजी, मिश्री, फूटा हुआ नारियल तथा कंकू चावल जेल के अंदर लाने की छूट रहेगी तथा जेल के अंदर 15 मिनट के लिए प्रवेश दिया जायेगा।**

# अखिल भारतीय कोली समाज (रजि. क्र. 5356 / 71 - 72 ) नई दिल्ली (मूल संस्था)





शाखा मध्य प्रदेश कोरी / कोली समाज में हुई नई नियुक्तियां राष्ट्रीय कमेटी मे कार्यकारिणी सदस्य पद पर मदन लाल जी धीमान को नियुक्त किया गया।

प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर कमल जी धीमान राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पद पर विजय जी धीमान को नियुक्त किया गया है वही बात करें मध्य प्रदेश की तो प्रदेश मीडिया प्रभारी पद पर रवि जी धीमान को नियुक्त किया गया है। आशा की गई है कि यहां नियुक्ति समाज को नई गति प्रदान करेगी यह नियुक्ति से समाज में नई ऊर्जा सी भर गई है समाज जनों ने दि बधाई आनंद जी वर्मा - लोकप्रिय समाज गौरव, अर्जुन सिंह शाक्यवार जी प्रदेश अध्यक्ष, अजय मालवीय सुनील धीमान राधेश्याम धीमान सचिन धीमान संजय धीमान नंदकिशोर वर्मा कैलाश वर्मा नारायण चौधरी ,शैलेन्द्र वर्मा , केशव वर्मा, सचिन वर्मा अधिवक्ता, ज़िला अध्यक्ष इंदौर - विजय सिजोरिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि धीमान मो 9893701260

# इंदौर ।सिख समाज द्वारा सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पर सच सलूजा का भव्य स्वागत समारोह आयोजित

इंदौर। सिख समाज द्वारा कांग्रेस पार्टी के सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सचप्रीत सिंह (सच सलूजा)का जोरदार स्वागत किया गया। मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरपाल सिंह मोनू भाटिया जी और रघुवीर सिंह खनूजा के साथ इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन, युवा प्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह नियुक्ति सिख समाज की एकता, योगदान और विश्वास का प्रतीक है। समाज ने आशा जताई कि सलूजा अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सभी धर्मों व वर्गों के बीच भाईचारे और सौहार्द का संदेश देंगे। अपने संबोधन में सच सलूजा ने सबका आभार जताया और कहा कि वे समाज के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सद्भावना और कौमी एकता को मजबूत करना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिक्की गांधी कैप्टन अरोड़ा,अमनदीप सलूजा,हरसिमरन सिंह बराड,बन्नी टुटेजा,बलजीत सिंह, के साथ बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद थे ।

# गोदरेज ने इंदौर में लॉन्च की स्मार्ट सुरक्षा की नई रेंज

**रणजीत टाइम्स**

**इंदौर, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस डिविजन ने इंदौर के तेजी से बढते सिक्योरिटी सॉल्यूशंस मार्केट में अपनी मजबूत स्थिति को और सुदृढ़ करते हुए प्रीमियम और तकनीक-सक्षम होम लॉकर्स की अपनी नई रेंज लॉन्च की** है। कीमतों में असाधारण वृद्धि और व्यावसायिक क्षेत्रों में मांग में तेज़उछाल देखने को मिला है। इस वृद्धि को आईटी सेक्टर में विकास, रोजगार की तलाश में प्रवासियों की लगातार आमद और स्मार्ट सिटी पहलों की गति ने प्रेरित किया है।




गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिजनेस के बिजनेस हेड, श्री पुष्कर गोखले ने कहा, जैसे-जैसे इंदौर और भोपाल जैसे शहर स्मार्ट शहरी केंद्र बनते जा रहे हैं, होम और संस्थागत सुरक्षा की परिभाषा भी बदल रही है।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स